राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज
वर्ष 11, अंक 225 पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 1.00 [illegible] | मंगलवार, 15 अगस्त, 2023 Website : www.epaperhumanindia.in

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने मनाया 'एक तिरंगा–एक पौधा 'कार्यक्रम

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय में आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब, सतत विकास लक्ष्य(स्ग्लद्य) व स्व%छता सेनानी इकाइयों द्वारा एक अनोखे कार्यक्रम एक तिरंगा, एक पौधा का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम की शुरूआत तिरंगा यात्रा से की गई जिसे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत जी ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया, जिसमें लगभग 150 स्वयसेवकों ने भाग लिया तिरंगा यात्रा के दौरान बल्लभगढ़ शहर भारत माता की जय, वंदे मातरम व हरघर तिरंगा-घरघर तिरंगा के नारों से गूंज उठा द्य तिरंगा यात्रा के समापन के पश्चात प्राचार्य जी एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ

प्रवक्तागणों ने पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण को संरक्षण का संदेश दिया व स्वयंसेवकों को पौधे वितरित किये व कहा कि पौधारोपण तो महान कार्य है ही लेकिन इनकी देखभाल करना और भी महान कार्य है क्योंकि वृक्ष लगाकर भी किसी न किसी के प्राण बचाकर देशभक्ति कर सकते हैंद्य इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया द्य जिसमें विद्यार्थियों ने भाषणों एवं कविताओं के माध्यम से पूरे माहौल को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया द्य प्राचार्य जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें देश के 77 में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देश हित के लिए कुछ प्रण लेने चाहिए द्य प्राचार्य डॉ० कांत ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि तिरंगा यात्रा देशवासियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव व अपनेपन की भावना को जागृत करती है व जिन रणबांकुरो ने देश व तिरंगे के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया उन शहीदों के लिए स%ची श्रद्धांजलि है, और अगर हम देश की सीमा पर जाकर देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर नहीं कर सकते तो हम अपने कार्य स्थल पर ही स%ची श्रद्धा से काम करके भी देशभक्ति का उदाहरण दे सकते हैं द्य इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी वरिष्ठ प्रवक्तागण जैसे:- डॉ० के.एल. कौशिक, डॉ० मनोज शुक्ला, यूथ रेड क्रॉस के कोर्डिनेटर डॉ० जयपाल सिंह , डॉ० रामचंद्र, स्वछता सेनानी की कन्वीनर डॉ० रितु, एनएसएस की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ० शोभना गोयल, डॉ० सुप्रिया ढांडा, आरआरसी की कन्वीनर डॉ० रेखा सैन, एनसीसी ऑफिसर डॉ० देवेंद्र, डॉ० पूजा सैनी, श्री सुभाष, डॉ० त्रिमेश कालरा व श्री लवकेश आदि उपस्थित रहे।